NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता
हमारा धर्म
निष्पक्षता
हमारी पहचान

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष: 05, अंक-232, पृष्ठ: 12 सोमवार, 26 अक्टूबर, 2026, मूल्य-03 रूपये मात्र

बस्ती में दर्दनाक हादसा: ट्रक की चपेट में आने से पिता और दो बेटियों की मौत

बस्ती। बभनान-गौर मार्ग पर रविवार रात दर्दनाक हादसे में पिता और उनकी दो बेटियों की मौत हो गई। तीनों बाइक से गांव में आयोजित भंडारे में भोजन करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान बभनान से गौर की ओर जा रहे ट्रक की चपेट में आ गए। हादसा घर से महज 200 मीटर पहले हुआ। सोमवार सुबह घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। कोठवा गांव निवासी राजेश यादव उर्फ राजन रविवार रात अपनी 10 वर्षीय बेटी शिवांगी और छह वर्षीय मानवी के साथ रामपुर गांव में आयोजित भंडारे में शामिल होने गए थे। भोजन करने के बाद तीनों मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। बभनान-गौर मार्ग पर घर के पास पहुंचने से पहले ही उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में तीनों की मौत हो गई। रातभर घर नहीं पहुंचे पिता और बेटियों की तलाश में परिजन परेशान रहे। सोमवार सुबह पता चला कि ट्रक की चपेट में आने से तीनों की मौत हो गई है। हादसे के बाद ट्रक सड़क किनारे गहरी खाई में गिर गया था। सोमवार सुबह तीनों के शव ट्रक के नीचे मिले। सूचना पर गौर और पैकोलिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ट्रक को खाई से निकलवाने में जुटी रही। ट्रक में पशु आहार लदा हुआ था। ट्रक निकालने के लिए प्रशासन ने बभनान-भिटिया मार्ग पर दोनों तरफ से यातायात रोक दिया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

छह सेकंड में मौत!: होटल के कमरे में घुसते ही गेट पर गिरी नवविवाहिता



झांसी। झांसी के प्रेमनगर के नैनागढ़ की रहने वाली मुस्कान (27) की रविवार शाम सीपरी बाजार स्थित होटल ऋषभ में कमरे के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से मौत हो गई। चार माह पहले उसकी विदिशा निवासी नीलेश से शादी हुई थी। नीलेश बैंक मैनेजर है। पिछले दो दिन से दंपती होटल में ठहरा हुआ था। रविवार को चेक आउट के बाद यह हादसा हुआ। होटल कर्मियों की मदद से नीलेश ही उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, यहां उसकी मौत हो गई। उधर, मुस्कान की मौत के बाद पहुंचे मायके पक्ष के लोग हत्या का आरोप लगाने लगे। सूचना पर सीपरी बाजार पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने पति से भी पूछताछ की। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस भी रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मूल रूप से विदिशा निवासी निलेश से जून माह मुस्कान पुत्री रामजीलाल सिमौलिया से शादी हुई थी। रामजी लाल नैनागढ़ में ही एक छोटी-सी दुकान चलाते हैं। परिजनों ने बताया कि नीलेश पहले निजी नौकरी करता था। 15 दिन पहले मप्र ग्रामीण बैंक में सोसाइटी मैनेजर पद पर उसे नौकरी मिली है। मायके पक्ष का कहना है मुस्कान 10 अक्तूबर को झांसी आई थी। शुक्रवार रात करीब 11:30 नीलेश भी यहां आ गया। शनिवार को गणेश विहार कॉलोनी में मौसी से मिलाने की बात कहकर वह मुस्कान को लेकर चला गया।

यूपी: लखनऊ में बाउंड्री वॉल के विवाद में दिन-दहाड़े हुई फायरिंग

तीन की मौत

पिता-पुत्र और उनके रिश्तेदार की मौत

लखनऊ। सआदतगंज थाना क्षेत्र के नौबस्ता में सोमवार सुबह हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, विवाद बरगद के पेड़ के पास बन रही बाउंड्री वॉल को लेकर शुरू हुआ था। हालांकि, पुलिस के अनुसार, कहासुनी की वजह गाड़ी खड़ी करने का विवाद भी बताई गई है। घटना में जान गंवाने वालों में शिवाजी तिवारी, उनके बेटे सुयश तिवारी और शिवाजी के भाई शंभू तिवारी बताए गए हैं। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शिवाजी तिवारी (60) शक्ति भवन से स्टेनो के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका बेटा सुयश तिवारी (30) नौबस्ता में घर के पास इलेक्ट्रिक की दुकान चलाता था। वह वैवाहिक कार्यक्रमों में लाइट लगाने का ठेका भी लेता था। परिवार के मुताबिक, सुयश का जनेऊ संस्कार 20 नवंबर, तिलक 21 नवंबर और शादी 5 दिसंबर को होनी थी। घटना के बाद परिवार में खुशियों की तैयारियां मातम में बदल गईं। शंभू तिवारी (55), शिवाजी तिवारी के भाई थे और लखनऊ विश्वविद्यालय में बड़े बाबू के पद पर कार्यरत थे। परिवार की जानकारी के अनुसार, शिवाजी की पत्नी का नाम उषा है और उनका इकलौता बेटा सुयश था। शंभू तिवारी की पत्नी रुचि तिवारी हैं और उनकी बेटी सुमेधा है। परिजनों का कहना है कि नौबस्ता में एक बरगद का पेड़ है, जहां वट सावित्री की वार्षिक पूजा होती है। पेड़ के आसपास नगर निगम की ओर से सभासद के माध्यम से करीब एक महीने से बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा था। परिवार के मुताबिक, ऋषभ शुक्ला और उसके परिजन इस निर्माण का विरोध कर रहे थे। पहले भी इस मुद्दे पर विवाद हुआ था, लेकिन सभासद के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 10:40 बजे शंभू तिवारी बरगद के पेड़ के पास बैठकर पूजा कर रहे थे। इसी दौरान ऋषभ शुक्ला वहां पहुंचा और दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के अन्य लोग भी वहां आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि इसी दौरान ऋषभ के चाचा राजेश शुक्ला ने लाठी से वार किया, जबकि ऋषभ घर से पिस्टल लेकर आया और कई राउंड फायरिंग की।



पुलिस ने क्या बताया?

डीसीपी वेस्ट जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव के अनुसार, नौबस्ता में ऋषभ शुक्ला और उसके पड़ोसी शिव तिवारी के बीच गाड़ी खड़ी करने को लेकर कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर ऋषभ ने फायरिंग कर दी, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस टीम और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। तीनों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी ऋषभ शुक्ला को सिपाही कार्तिक ने मौके से असलहे सहित पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि सिपाही सूचना मिलने पर बिना हथियार के मौके पर पहुंचा और दौड़कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खरगे की टिप्पणी के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

दिल्ली। राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ खरगे ने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी के विरोध में दिल्ली भाजपा ने एक बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने वरिष्ठ नेताओं के साथ इस प्रदर्शन का नेतृत्व किया। यह प्रदर्शन सेना भवन सर्किल, राजा जी मार्ग के पास हुआ। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की। पुलिस ने राजा जी मार्ग से हर्ष मल्होत्रा को हिरासत में लिया। उनके साथ दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष राजेश भाटिया और महासचिव मोहन लाल गिहारा भी हिरासत में लिए गए। पुलिस ने कई अन्य नेताओं को भी हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए सभी नेताओं को मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन ले जाया गया। यह पूरा विवाद बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शुरू हुआ। कार्यक्रम में खरगे के भाषण के बीच एक व्यक्ति ने कथित तौर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जाने वाले हैं। इसी बात का जवाब देते हुए खरगे ने कहा, 'मोदी के बाप भी चले जाएंगे।'

